भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1455
दिनांक 03.05.2016/13 वैशाख, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

अनाधिकृत पार्किंग

1455. श्री रवीन्द्र कुमार राय :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली के विभिन्न भागों में अवैध/अनाधिकृत पार्किंग सुविधाएं प्रदान किए जाने की सूचनाएं मिली हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान एमसीडी और एनडीएमसी के अधिकारियों द्वारा करोल बाग और सरोजिनी नगर मार्किट सहित विभिन्न भागों में कुल कितनी अवैध पार्किंग सुविधाओं का पता लगाया गया है;
(ग) क्या यह भी सूचना प्राप्त हुई है कि इस प्रकार की अवैध पार्किंग सुविधाएं एनडीएमसी, एमसीडी और दिल्ली पुलिस की सहमति से संचालित की जा रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रकार के कितने मामले सूचित हुए हैं और उक्त अवधि के दौरान दोषी अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है; और
(घ) सरकार द्वारा भविष्य में अवैध पार्किंग सुविधाओं को हटाने और अवैध पार्किंग को रोकने हेतु क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)

(क) और (ख) : वर्ष 2013, 2014, 2015 और 2016 (दिनांक 31.03.2016 तक) के दौरान अप्राधिकृत पार्किंग के ठेकेदारों/सहायकों के विरुद्ध राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज मामलों का ब्यौरा अनुलग्नक 'क' में दिया गया है।

(ग) : स्थानीय निकाय निदेशालय ने सूचित किया है कि जनवरी, 2013 से आज की तारीख

..........2/-

तक उत्तरी दिल्ली नगर निगम के 06 कर्मचारियों/ अधिकारियों, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के 01 अधिकारी पर अप्राधिकृत पार्किंग की अनुमति देने के लिए विभागीय कार्रवाई की गई है। इस संबंध में पूर्वी दिल्ली नगर निगम से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान दिल्ली पुलिस के कार्मिकों की ऐसी किसी प्रकार की मिलीभगत नहीं देखी गई है।

(घ) : जब कभी ऐसा मामला ध्यान में आता है तो नगर निगमों और दिल्ली पुलिस द्वारा अवैध पार्किंग चलाने वालों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाती है।

-----

अनुलग्नक 'क' के पृष्ठ 1 का 1

लोक सभा अता० प्र० सं० 1455

वर्ष 2013, 2014, 2015 और 2016 (31.03.2016 तक) के दौरान पार्किंग ठेकेदारों/सहायकों के खिलाफ दर्ज मामलों का ब्यौरा

| क्र.सं. | प्राथमिकी संख्या एवं तारीख | धारा और पुलिस थाना | संक्षिप्त तथ्य |
|---|---|---|---|
| 1. | 412/13 दिनांक 30.08.2013 | 420/468/471 आईपीसी, पुलिस थाना एसजे एन्क्लेव | ए-23 एम आर सेंटर, ग्रीन पार्क के सामने अनधिकृत पार्किंग । |
| 2. | 457/13 दिनांक 06.12.2013 | 420 आईपीसी, पुलिस थाना सरोजिनी नगर | सी-ब्लॉक, सरोजिनी नगर के निकट अनधिकृत पार्किंग । |
| 3. | 517/14 दिनांक 14.09.2014 | 420/34 आईपीसी, पुलिस थाना सरोजिनी नगर | एच-161 सरोजिनी नगर के निकट अनधिकृत पार्किंग । |
| 4. | 728/14 दिनांक 08.10.2014 | 419/420 आईपीसी, पुलिस थाना गांधी नगर | अनधिकृत पार्किंग । इस स्थान का पार्किंग लाइसेंस सितम्बर, 2014 में रद्द/समाप्त हो गया था लेकिन इसे सक्रिय पाया गया। |
| 5. | 126/14, दिनांक 24.07.2014 | 420 आईपीसी, पुलिस थाना बाराखंबा रोड | के जी मार्ग में अवैध रूप से चल रही अनधिकृत पार्किंग । |
| 6. | 939/14 दिनांक 13.10.2014 | 420 आईपीसी, पुलिस थाना कालकाजी | बालाजी इस्टेट, कालकाजी में अनधिकृत पार्किंग । |
| 7. | 85/15 दिनांक 20.1.2015 | 188/34 आईपीसी, पुलिस थाना करोल बाग | करोल बाग बाजार क्षेत्र में अनधिकृत पार्किंग । |
| 8. | 97/15 दिनांक 24.1.2015 | 188/34 आईपीसी, पुलिस थाना करोल बाग | करोल बाग बाजार क्षेत्र में अनधिकृत पार्किंग । |
| 9. | 310/15 दिनांक 29.04.2015 | 420/34 आईपीसी पुलिस थाना सरोजिनी नगर | सरोजिनी नगर बाजार में अनधिकृत पार्किंग । |
| 10. | 232/15 दिनांक 09.05.2015 | 420/34 आईपीसी पुलिस थाना सरोजिनी नगर | महिन्द्रा स्वीट्स के सामने एच ब्लॉक में अनधिकृत पार्किंग । |
| 11. | 565/15 दिनांक 11.09.2015 | 420 आईपीसी, पुलिस थाना आईपी एस्टेट | दरियागंज क्षेत्र में मनमाना पार्किंग शुल्क वसूलने के बारे में । |
| 12. | 566/15 दिनांक 11.09.2015 | 420 आईपीसी, पुलिस थाना आईपी एस्टेट | दरियागंज क्षेत्र में मनमाना पार्किंग शुल्क वसूलने के बारे में । |
| 13. | 627/15 दिनांक 21.07.15 | 420 आईपीसी, पुलिस थाना कालकाजी | कालकाजी मंदिर रोड पर अनधिकृत पार्किंग । |
| 14. | 855/15 दिनांक 02.11.2015 | 420/34 आईपीसी, पुलिस थाना रानी बाग | संत नगर चौक, रानीबाग में अनधिकृत पार्किंग । |
| 15. | 07/15 दिनांक 11.01.2015 | 420 आईपीसी, पुलिस थाना जामा मस्ज़िद | कोट बाजार, जामा मस्ज़िद में अनधिकृत पार्किंग । |
| 16. | 139/15 दिनांक 18.03.2015 | 420 आईपीसी, पुलिस थाना आई पी एस्टेट | बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग पर अनधिकृत पार्किंग । |

*****